# LESSON SIX
## पाठ छः

# Pronunciation of Alphabet
(प्रॅनन्सिएशन ऑफ अल्फाबेट)
# अक्षरों का उच्चारण

विकसित भाषा एक बहुत बड़ी नियामत और मानवीय विशेषता है। यही मानव को पशुओं और दूसरे प्राणियों से अलग करती है। हमारी सभ्यता और विकास की यह एक कुंजी है। भाषा मुख्य रूप से बोलने-सुनने के लिए है। भाषा का सही शुद्ध धारा प्रवाह उच्चारण बहुत जरूरी है।

अंग्रेजी में अकेले वर्ण का उच्चारण अलग होता है और दूसरे वर्णों के साथ मिलकर शब्द रूपों में अलग। यह इस प्रकार है–

**वर्ण : उच्चारण**

**A a ए** शब्द रूपों में उच्चारण–आ–Smart (स्मार्ट) तेज, बना-ठना; Palm (पाम) हथेली; Dark (डार्क) अंधेरा; Fast (फास्ट) उपवास, तेज।

ए– Safe (सेफ) सुरक्षित, Aid (एड) सहायता; Bail (बेल) जमानत; Grave (ग्रेव) कब्र; Save (सेव) बचाना।

अॅ– Addition (अॅडिशन) जोड़; Rascal (रॉस्कल) गुंडा; Ago (अॅगो) पहले।

ऐ– Sac (सैक) बोरा; Sad (सैड) उदास; Add (ऐड) जोड़ना; Badge (बैज) बिल्ला; Bad (बैड) बुरा; Gravitation (ग्रैविटेशन) गुरुत्वाकर्षण।

ऑ– All (ऑल) सब; Ball (बॉल) गेंद; Small (स्मॉल) छोटा; Fall (फॉल) गिरना; Pall (पॉल) कपड़ा; Call (कॉल) पुकार, बुलाहट।

**B b बी** ब– Book (बुक) पुस्तक; Absorb (अबसौर्ब/अबजौर्ब) सोख लेना; Tub (टब) नाँद; Cub (कब) शेर का बच्चा।

**C c सी** क– Cat (कैट) बिल्ली; Coal (कोल) कोयला; Can (कैन) बाल्टी, पात्र; Clever (क्लेवर) चालाक; Clean (क्लीन) साफ।

स– Cent (सैंट) शत, सौ, शतांश; Cedar (सीडॅर) देवदार; Cement (सीमैंट) सीमेंट; Certain (सर्टेन) निश्चित; Certificate (सर्टिफिकेट) प्रमाण-पत्र।

**D d डी** ड– Did (डिड) किया; Daughter (डॉटर) पुत्री; Bad (बैड) बुरा; Bond (बॉन्ड) बंधन, Dog (डॉग) कुत्ता; Doctor (डॉक्टर) चिकित्सक।

**E e इ** इ– Here (हिअर) यहां; Near (नियर) पास; Before (बिफोर) पहले।

ई– She (शी) वह स्त्री; Be (बी) होना; Me (मी) मुझे; Detailed (डीटेल्ड) विस्तार से।

अ– Herd (हर्ड) झुण्ड; Interim (इन्टरिम) अंतरिम; Term (टर्म) नियम।

ए– Egg (एग) अंडा; Men (मेन) लोग; Pebble (पेबॅल) कंकड़; Peck (पेक) चोंच मारना; Bent (बेन्ट) मोड़ा।

TOP 10 TRENDING
ज्ञान

F f एफ फ– Fan (फैन) पंखा; Leaf (लीफ) पत्ता; Infant (इन्फैंट) शिशु; Rifle (राइफल) बंदूक; Fate (फेट) भाग्य; First (फर्स्ट) प्रथम।

G g जी ग– Good (गुड) अच्छा; God (गॉड) ईश्वर; Rug (रग) कम्बल; Bag (बैग) थैला; Gorge (गॉर्ज) तंग घाटी।

ज– Geometry (जिऑमेट्रि) रेखागणित; Gentle (जैन्टल) सज्जन; Badge (बैज) बिल्ला; Regiment (रेजिमेंट) सैनिक टुकड़ी।

H h एच ह– Hat (हैट) टोप; Enhance (इन्हान्स) बढ़ाना; Horse (हॉर्स) घोड़ा; Heel (हील) ऐड़ी।

I i आई इ– India (इंडिया) भारत; Bit (बिट) थोड़ा; Fit (फिट) दौरा; Lily (लिली) एक फूल; Inept (इनेप्ट) अकुशल।

आई– Bite (बाइट) काटना; Light (लाइट) प्रकाश; Right (राइट) उचित; Sight (साइट) दृष्टि।

J j जे ज– Joke (जोक) मजाक; Join (ज्वाइन) मिलाना; Rejoice (रिजॉइस) आमोद-प्रमोद; Deject (डिजेक्ट) उदास।

K k के क– Rock (रॉक) चट्टान; King (किंग) राजा; Kite (काइट) पतंग; Kiss (किस) चुंबन।

L l एल ल– Lame (लेम) लंगड़ा; Delete (डिलीट) मिटाना; Meal (मील) भोजन; Pull (पुल) खींचना; Lull (लल) शांति; Dull (डल) सुस्त।

M m एम म– Man (मैन) आदमी; Reform (रिफॉर्म) सुधार; Seminar (सेमिनार) गोष्ठी।

N n एन न– Name (नेम) नाम; Sense (सेन्स) ज्ञान; Ban (बैन) प्रतिबंध; Run (रन) दौड़ना।

O o ओ ओ– Open (ओपन) खुला; Bone (बोन) हड्डी; Mango (मैंगो) आम का फल; Probe (प्रोब) जांच।

ऑ– Problem (प्रॉबलम) समस्या; Prodigal (प्रॉडिगल) खर्चीला; Tolerance (टॉलरेन्स) सहनशीलता।

P p पी प– Gap (गैप) अंतर; Rope (रोप) रस्सा; Open (ओपन) खुला; Pen (पेन) कलम; Push (पुश) धकियाना।

Q q क्यू क– Mosque (मौस्क) मस्जिद; Queue (क्यू) पंक्ति; Banquet (बैंक्वेट) भोज; Quick (क्विक) जल्दी।

R r आर र– Rest (रेस्ट) आराम; Bar (बार) छड़; Surprise (सरप्राइज) आश्चर्य; Room (रूम) कमरा।

S s एस स– Sun (सन) सूरज; Bus (बस) बस; Sister (सिस्टर) बहन; Soap (सोप) साबुन।

ज– Drowsy (ड्राउजि) निद्रालु; Feasible (फीजिबल) संभव; Reason (रीजन) तर्क, दलील।

T t टी ट– Master (मास्टर) मालिक; Tea (टी) चाय; Button (बटन) बटन; Pot (पॉट) बर्तन।

श– Initial (इनिशियल) प्रारंभिक; Portion (पोर्शन) भाग; Patient (पेशेंट) बीमार; Station (स्टेशन) स्टेशन।

U u यू उ– Bull (बुल) सांड; Push (पुश) धकेलना; Put (पुट) रखना।

अ– But (बट) लेकिन; Shut (शट) बंद करना; Up (अप) ऊपर; Sun (सन) सूरज।

V v वी व– Vague (वेग) अस्पष्ट; Wave (वेव) लहर; River (रिवर) नदी; Brave (ब्रेव) बहादुर।

W w डब्ल्यू व– War (वार) युद्ध; Widow (विडो) विधवा; Power (पावर) शक्ति; Want (वांट) चाह।

X x एक्स ज– Examination (इग्जैमिनेशन) परीक्षा; Example (इग्जाम्पल) उदाहरण; Exuberance (एग्ज्यूबरैन्स) आधिक्य, अधिकता।

एक्स Excreta (एक्सक्रीटा) मलमूत्र; X-ray (एक्स-रे) एक्सरे; Exclude (एक्सक्ल्यूड) सम्मिलित न करना Exhale (एक्सहेल) श्वांस छोड़ना

Y y वाई य– Yes (येस) हां; Yoga (योगा) योग।

आई– By (बाइ) पास; Cry (क्राइ) रोना; My (माइ) मेरा।

ई– Bury (बरी) दफनाना; Worry (वरी) चिंता।

Z z जैड ज– Zoo (जू) चिड़ियाघर; Zebra (जीबरा) जेब्रा; Blaze (ब्लेज) ज्वाला; Lazy (लेजी) सुस्त; Lizard (लिजार्ड) छिपकली।

TOP 10 TRENDING

## संयुक्त व्यंजन (Compound Letters) ( कंपाउंड लेटर्स )

**ch** च– Church (चर्च) गिरजाघर; Batch (बैच) टोली; Bunch (बंच) गुच्छा।
ख– Clachan (क्लेखन); Choronch (कौरोनैख);
क– Chaos (केओस) अव्यवस्था; Chemistry (केमिस्ट्री) रसायन शास्त्र; Character (कैरेक्टर) गुण, चरित्र।

**gh** घ– Ghost (घोस्ट) प्रेत; Aghast (अघास्ट) आतंकित।

**ph** फ– Phew (फ्यू) छी; Phone (फोन) दूरभाष; Sophisticated (सॉफिस्टकेटेड) परिष्कृत।

**sh** श– Shawl (शॉल) शाल; Shake (शेक) हिलाना; Rash (रैश) जल्दबाज; Shrink (श्रिन्क) सिकुड़ना।

**th** थ– Thin (थिन) पतला; Thick (थिक) मोटा; Breadth (ब्रेड्थ) चौड़ाई; Breath (ब्रेथ) सांस।
द– Thine (दाइन) तेरा; With (विद) साथ; This (दिस) यह; That (दैट) वह।

## संयुक्त स्वर (Diphthong) ( डिफ्थांग )

अंग्रेजी के संयुक्त स्वरों के उच्चारण में बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसलिए इस संबंध में विशेष जानकारी और ध्यान की जरूरत है। संयुक्त स्वरों के उच्चारण के सामान्य उदाहरण इस प्रकार हैं।

**ae** ई– Encyclopaedia (एनसाइक्लोपीडिया) विश्वकोश; Aesthetic (ऐस्थैटिक) सौन्दर्यवादी।

**au** ऑ– Daughter (डॉटर) बेटी; Caught (कॉट) पकड़ा; Audio (ऑडियो) सुना जाने वाला।

**ea** ई– Clean (क्लीन) स्वच्छ; Mean (मीन) तुच्छ; Dean (डीन) पद, Yeast (यीस्ट) खमीर।

**ei** आई– Either (आइदर/ईदर) दोनों में से एक; Neither (नाइदर) दोनों में से कोई नहीं; Height (हाइट) ऊंचाई।
ए– Eight (एट) आठ; Freight (फ्रेट) भाड़ा; Weight (वेट) वजन; Straight (स्ट्रेट) सीधा।

**eo** इऑ– Peon (पिऑन) चपरासी; Neon (निऑन) एक रासायनिक तत्व; Geography (जिऑग्राफी) भूगोल।

**eu** यू– Eucalyptus (यूकलिप्टस) यूकेलिप्टस वृक्ष; Eunuch (यूनक) हिजड़ा; Europe (यूअरप) यूरोप।

**ew** इयू– Mew (म्यू) म्यांव-म्यांव; New (न्यू) नया; View (व्यू) दृष्य।

**ei** ई– Receive (रिसीव) प्राप्त करना; Deceit (डिसीट) धोखा; Reiterate (रिइटरेट) दोहराना।

**ie** ई– Grieve (ग्रीव) दु:ख मनाना; Sieve (सीव) छलनी; Field (फील्ड) खेत; Fiend (फीन्ड) राक्षस।

**io** आई– Ion (आइअन) आयन; Iota (आइओटा) कण, अत्यल्प; Iodine (आइडीन) आयोडीन।

**ia** आइ– Diameter (डायमीटर) व्यास; Diamond (डायमंड) हीरा; Bias (बाइस) पूर्वाग्रह।

**oo** उ– Look (लुक) देखना; Book (बुक) किताब; Nook (नुक) कोना
ऊ– Broom (ब्रूम) झाड़ू; Room (रूम) कमरा; Spoon (स्पून) चम्मच; Moon (मून) चांद; Soon (सून) जल्दी।

**oe** ऊ– Shoe (शू) जूता।
ई– Oedipus (ईडिपस) नाम विशेष; Foetus (फीटस) भ्रूण।
ओ– Roe (रो) मृगी, हिरनी।

**oa** ओ– Goat (गोट) बकरी; Moan (मोन) विलाप; Oath (ओथ) शपथ; Oak (ओक) बांज का पेड़।

**oi** आई– Join (जॉइन) जोड़ना; Loin (लॉइन) कमर; Noise (नॉइज) शोर; Loiter (लॉइटर) मटरगश्ती; Coin (क्वॉइन) सिक्का।

**ou** आऊ– Shout (शाउट) चिल्लाना; Bough (बाउ) शाखा; Gout (गाउट) बीमारी; Out (आउट) बाहर।

**uu** यूअ– Vacuum (वैक्यूअम) शून्य।

सभी 'डेस्क' और बड़े शब्दकोशों के प्रारंभ में फोनेटिक (ध्वन्यात्मक) वर्णमाला के आधार पर कुछ चुने हुए शब्दों के मानक उच्चारण दिए होते हैं। इसे Pronunciation Key (प्रोनन्सिएशन की) उच्चारण कुंजी कहा जाता है। ये उच्चारण पढ़े-लिखे और शिष्ट लोगों में प्रचलित होते हैं। इसके अध्ययन मनन पर थोड़ा समय व्यतीत करना सचमुच बड़ा लाभदायक होता है। पुस्तक के अंत में दिए गए शब्दकोश का इसके लिए यथासंभव बार-बार उपयोग कीजिए। इसे हॉबी (शौक) ही बना लीजिए और फिर देखिए कि आप क्या कमाल करते हैं।

## रोमन लिपि में हिंदी

विश्व की अनेक भाषाएं रोमन लिपि में लिखी जाती हैं। अंग्रेजी के अतिरिक्त फ्रांसीसी, स्पेनी, इतालवी, पुर्तगाली, रुमानियन, जर्मन, चैक, पोलिश, तुर्की आदि भाषाएं इसी लिपि में थोड़े-बहुत परिवर्तन-परिवर्द्धन के साथ प्रयोग में ली जाती हैं। एक नई आविष्कृत भाषा–एसपेरेण्टो (Esparanto) भी इसी लिपि में लिखी जाती है। हिन्दी को भी इसी लिपि में लिखने के सुझाव रखे गये हैं। डॉ. सुनीति कुमार चटर्जी इस पक्ष में थे। लेकिन परम्परा और इतिहासप्रिय हिन्दी भाषियों को यह शायद ही कभी मान्य हो सके। भारतीय भाषाओं को नागरी लिपि में लिखने का भी सुझाव कई बार उभरा है। बहुत-सी कमियों के बावजूद रोमन लिपि वर्णनात्मक होने के कारण आसानी से समझ में आ जाती है।

हिन्दी वर्णमाला को रोमन लिपि में इस प्रकार लिखा जाता है।

**1. स्वर** (Vowel)

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | आ | इ | ई | उ | ऊ | ऋ | ए | ऐ | ओ | औ | अं | अः |
| A | Ā | I | Ī | U | Ū | R | E | AI | O | AU | AN | AH |
| a | ā | e | ē | u | ū | r | e | ai | o | au | an | ah |

**2. व्यंजन** (Consonants)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क् | ख् | ग् | घ् | ङ् | च् | छ् | ज् | झ् | ञ् |
| k | kh | g | gh | n | ch | chh | j | jh | n |
| ट् | ठ् | ड् | ढ् | ण् | त् | थ् | द् | ध् | न् |
| t | th | d | dh | n | t | th | d | dh | n |
| प् | फ् | ब् | भ् | म् | य् | र् | ल् | व् | |
| p | ph | b | bh | m | y | r | l | v | |
| श् | ष् | स् | ह् | | | | | | |
| sh | shh | s | h | | | | | | |

**3. संयुक्त अक्षर** (Compound Letters)

| | | |
|---|---|---|
| क्ष | त्र | ज्ञ |
| ksh | tr | jn |

नीचे कुछ हिंदी के वाक्य रोमन लिपि में दिए गए हैं। इनको ध्यानपूर्वक पढ़कर स्वयं लिखने का अभ्यास कीजिए।

| | |
|---|---|
| 1. क्या तुम्हारा नाम रामनारायण है? | Kya tumhara nam Ramnarayan hai? |
| 2. क्या समय हो गया होगा? | Kya samay ho gaya hoga? |
| 3. यही कोई चार बजे का वक्त है। | Yahi koi char baje ka vakt hai. |
| 4. वह बाजार गया है। | Vah bazar gaya hai. |
| 5. अचार खाने में बढ़िया लगता है। | Achar khane main badhiya lagta hai. |

TOP 10 TRENDING

6. रामायण हिन्दुओं का एक पवित्र ग्रंथ है। — Ramayan Hinduon ka ek pavitra granth hai.
7. कोई-कोई लोग तो कितने अच्छे होते हैं। — Koi-koi log to kitne acche hote hain.
8. आम के आम गुठलियों के दाम। — Am ke am guthliyon ke dam.
9. वह स्त्री ज्ञानवती प्रतीत होती है। — Vah stri jnanavati pratit hoti hai.
10. क्षत्रिय महिलाओं ने जौहर किया था। — Kshatriya mahilaon ne jauhar kiya tha.

## Points to Remember स्मरण संकेत

1. वर्ण का स्वतंत्र उच्चारण दूसरे वर्णों के साथ मिलकर होने वाले उच्चारण से भिन्न होता है।
2. संयुक्त वर्णों का विशेष रूप से संयुक्त स्वरों का उच्चारण विशेष कठिनाई उपस्थित करता है। अत: विशेष ध्यान की जरूरत है।
3. संलग्न शब्दकोश बार-बार प्रयोग कीजिए। खाली समय में उसे देखने-समझने का शौक पैदा कीजिए। बड़ा आनन्द आयेगा।
4. हिन्दी के वर्णों–अ, आ (A, Ā); इ, ई (I, Ī); उ, ऊ (U, Ū); ङ, ञ, ण्, न् (N); ट, त (T) ठ्, थ् (TH); ड्, द् (D); ढ्, ध् (DH); ऋ, र् (R) के लिए एक समान वर्ण हैं। उनमें बिन्दु और लाइन द्वारा अंतर किया गया है। इस अंतर को अच्छी तरह समझ लीजिए।

## Exercise for Revision
## अभ्यास करने योग्य

1. **प्रस्तुत शब्दों का सही-शुद्ध उच्चारण कीजिए और संदेह होने पर संलग्न शब्दकोश की सहायता लीजिए।**
   Accord, Admit, Assist, Audience, Bail, Badge, Bad, Ball, Book, Bite, Beautiful, Cat, Coal, Clean, Chaos, Chord, Daughter, Dog, Eat, Encyclopaedia, Eon, Fate, Fan, Good, Horse, Heat, Hut, Inept, Mosque, Queen, Surprise, Shake, Shrink, Straight, Took, Tea, Teak, Up, Under, Vacuum, Window, Waste, X-ray, X-mas, Yeats, Yes, Zebra, Zeal.
2. **संयुक्त व्यंजन CH, TH और SH जिन शब्दों में आते हैं उनके पांच-पांच उदाहरण लिखिए।**
3. **निम्नलिखित हिन्दी शब्दों/वाक्यांशों को रोमन लिपि में लिखिए।**
   कृष्णलाल, भागीरथी, भाषा की समस्या, सूर्योदय से पूर्व, रात होने के बाद, तंत्रमंत्र और जादू टोना, मेरा तो ख्याल है, गुणवती स्त्री, रामलीला का अभ्यास, सुरेन्द्रमोहन सन्याल, पानी पिलाओ, बातचीत शुरू करो, फुर्सत नहीं है, क्या बजा है, कौन हंस रहा है, कहां से आवाज आई?
4. **निम्नलिखित रोमन में लिखे हिन्दी वाक्यों को नागरी लिपि में लिखिए।**
   (a) Are bhai tumhara ghar kahan hai?
   (b) Soot-boot pahankar kidhar chal diye?
   (c) Kya karun meri to kisine jeb kat li.
   (d) Main kabse use idhar udhar dhundh raha hun.
   (e) Varnon aur akshron ki banavat par dhyan do.
   (f) Hamare ghar to aj mehman aye hain.
   (g) Bair chhor kar apas main pyar aur bhaichare se raho to accha hai.
   (h) Gandhiji ki shikshayen apne aap mein kitni acchi hain.
   (i) Mera to dam hi nikal gaya.